Official Periodical of Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi)

श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त–व्यवस्था (शिर्डी) की अधिकृत पत्रिका

SHRI SAI LEELA श्री साईं लीला

May-June 2016 ₹ 8/-

मई–जून २०१६ ₹ ८/–

"... There, I found *zari* (embroidery) work. I also worked tirelessly and my efforts were rewarded. Behold the *Fakir's* power! Those who were employed before me were extremely clever and skilled. All four of us worked there and our wages were fixed on the quantum of work done. One had done work worth Rs. 50/-, the second had done Rs. 100/- worth, the third had done Rs. 150/- worth, and mine was twice more than all of them put together. The owner was very pleased with my work and skill. He praised me to many and loved me a lot..."

श्री रामनवमी उत्सव – २०१६ प्रारम्भ दिन (गुरुवार, दिनांक १४.४.२०१६)

प्रारम्भ दिन 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ (संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री बाजीराव शिंदे), श्री साईं की तस्वीर (मंदिर प्रमुख श्री राजेन्द्र जगताप व मंदिर कर्मचारी श्री लक्ष्मण तुरकणे) एवं वीणा (संस्थान पुरोहित श्री विलास जोशी) की शोभायात्रा समाधि मंदिर से द्वारकामाई की ओर; साथ में संस्थान अधिकारी, कर्मचारी, साईं भक्त और ग्रामवासी...

'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ के अखण्ड पारायण का शुभारम्भ – संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री बाजीराव शिंदे व सौ. सीमा शिंदे...

संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री बाजीराव शिंदे व सौ. सीमा शिंदे के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...



SHREE SAI BABA SANSTHAN TRUST (SHIRDI)

Management Committee

Hon. Sri Srikant Kulkarni
(Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar)
Chairman

Hon. Sri Anil Kavade
(District Collector, Ahmednagar)
Member

Hon. Sri Bajirao Shinde
Member & Executive Officer

इंटरनेट आवृत्ति – URL:http://www.shrisaibabasansthan.org

श्री साईं लीला

स्थापित वर्ष १९२३

वर्ष १५ अंक ३

सम्पादक :
कार्यकारी अधिकारी
श्री साईं बाबा संस्थान
विश्वस्त–व्यवस्था (शिर्डी)

SHRI SAI LEELA

Estd. Year 1923

Year 15 Issue 3

Editor :
Executive Officer
Shree Sai Baba
Sansthan Trust (Shirdi)

अंतरंग

- Special prostration at Thy Holy Feet, O Baba!... : Dr. Subodh Agarwal 3
- SAI MAHARAJA'S EXPERIENCES 6
- Sai Experiences 8
- बाबा बचपन की कथा, अपने मुख बतलाय।... : डा. सुबोध अग्रवाल ११
- जिसका न कोई वाली। उसको सम्भाले साईं... १९
- नित्य प्रतीति से करना अनुभव : मदन गोपाल गोयल २३
- Shirdi News 25

● Cover & other pages designed by V. Kartik, Prakash Samant ● Computerised Typesetting: Computer Section, Mumbai Office, Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi) ● Office : 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014. Tel. : (022) 24166556 Fax : (022) 24150798 E-mail : saidadar@sai.org.in ● Shirdi Office : At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423) 258500 Fax : (02423) 258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● Annual Subscription : Rs. 50/- ● Subscription for Life : Rs. 1000/- ● Annual Subscription for Foreign Subscribers : Rs. 1000/- (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● General Issue : Rs. 8/- ● **Shri Sai *Punyatithi* Special Issue** : Rs. 15/- ● Published by Executive Officer, on behalf of Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi) at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and printed by him at Orient Press Ltd., 20 Pragati Industrial Estate, N. M. Joshi Rd., Mumbai - 400 011. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

May Day Special prostration at Thy Holy Feet, O Baba!

Workers of the World, Unite! To jointly serve Him!

For we are labourers together with God : ye are God's husbandry, ye are God's building...

1 Corinthians 3:9 King James Version (KJV)

[For we are labourers together with God - We do nothing of ourselves, nor in reference to ourselves; we labour together in that work which God has given us to do, expect all our success from Him, and refer the whole to His glory. We labour together in the work of God. Far from being divided among ourselves, we jointly labour, as oxen in the same yoke, to promote the honour of our Master.]

Ye are God's building. Ye are not only the field which God cultivates; but ye are the house which God builds, and in which He intends to dwell. As no man in viewing a fine building extols the quarryman that dug up the stones, the hewer that cut and squared them, the mason that placed them in the wall, the woodman that hewed down the timber, the carpenter that squared and jointed it, etc., but the architect who planned it, and under whose direction the whole work was accomplished; so no man should consider Paul, or Apollos, or Kephas, anything; but as persons employed by the great Architect to form a building which is to become a habitation of Himself through the Spirit, and the design of which is entirely His own.

The object of Paul was to show that all that had been done for them had been really accomplished by God. For this purpose he first says that they were God's cultivated field; then he changes the figure; draws his illustration from architecture, and says, that they had been built by him as an architect rears a house. It does not rear itself; but it is reared by another. So he says of the Corinthians, "Ye are the building which God erects."

O Sai! Thou art our ideal 'Jacob's Ladder' Who came to Shirdi, from the line of Jacob, through the provisions of God, and redeemed us so that we may live in heaven for eternity.

The question arises in the minds of Your devotees, "What is Jacob's Ladder?"

According to the Book of Genesis, Jacob was the third Hebrew progenitor with whom God made a covenant. He is the son of Isaac and Rebecca, the grandson of Abraham, Sarah and of Bethuel, and the younger twin brother of Esau.

Genesis 28:10-12 first mentions 'Jacob's Ladder' when it says, "Jacob left Beersheba and set out for Haran. When he reached a certain place, he stopped for the night because the sun had set. Taking one of the stones there, he put it under his head and lay down to sleep. He had a dream in which he saw a ladder resting on the earth, with its top reaching to heaven, and the angels of God were ascending and descending on it."

[O Baba! It would be worthwhil recalling, retelling, remembering, and looking back at the past here that You too always kept a brick with You, perhaps given by Your *Guru* as a sacred item. The brick was Your constant companion and was dear to You since Your first advent in Shirdi; and while sleeping, You used to use it as a pillow; and while sitting in the Dwarkamai-*Masjid*, You used to rest Your hand on it.]

It is in the passage that God reveals Himself to Jacob. In this vision Jacob sees something similar to a ladder which signifies a connection between God and man. In this instance, it was

God Who provided the means necessary to link Himself to man as opposed to the men of Babel in Genesis 11 who tried to reach heaven by their own actions, aside from the help of God.

This dream of Jacob's is highly symbolic, representing the Mediator, Jesus Christ, Who came to earth and became that ladder for us to reconnect the relationship with God.

According to the Bible, Jesus was our ideal 'Jacob's Ladder' Who came to earth, from the line of Jacob, through the provisions of God, and redeemed us so that we may live in heaven for eternity.

O Sai! You lived in a small dilapidated mosque which You used to call Dwarkamai-*Masjid*. Your devotees pestered You time and again to let them renovate this *Masjid*; but You repeatedly discouraged them to do so. You were not in favour of giving Your 'Home' an overhaul.

The wish of Nanasaheb Chandorkar, Nanasaheb Nimonkar and Mhalsapati, however, ultimately, prevailed, and You eventually gave permission for it. This was a pretty amazing instance of God's kindness in yielding to His devotees' desire.

Lo! The fully equipped Renovation Crew is here. A ladder is placed at an incline against the dilapidated wall of the Dwarkamai-*Masjid*, with the bottom of it set up on the holy soil of Shirdi. (Shri Sai Sat Charita, Chapter 6)

O Sai! Behold Your angels! These angels



are ascending and descending on the ladder. These angels are the workers. These workers include the carpenters, builders, and masons.

Workers of the World, Unite!
To jointly serve Him!

For we are labourers together with God :
ye are God's husbandry,
ye are God's building...

O Baba! None of Your devotees should consider Nanasaheb Chandorkar, or Nanasaheb Nimonkar, or Mhalsapati, anything; but as persons employed by You - the great Architect to renovate the Dwarkamai which is Your Habitation. The Renovation Design of Your Dwarkamai is all Yours.

O Sai! Thou art our ideal 'Jacob's Ladder'



Who came to Shirdi, from the line of Jacob, through the provisions of God, and redeemed us so that we may live in heaven for eternity.

O Sai! One day at noon, You came near the house of Your ardent devotee Radhakrishna Mai and asked a village worker to bring a ladder. It was set against the thatched cottage of Vaman Gondkar.

O Baba! You climbed up the ladder, and reached the roof top; and then, started walking with hasty steps from rooftop to rooftop until you met Radhakrishna Mai who was then down with high fever. After blessing her with a speedy recovery, You climbed down; and immediately paid Rupees two to the worker who brought the ladder.

O Sai! You must still be remembering that You were asked by somebody present on the spot as to why You paid so much remuneration for so little work. You had replied that labourers and related workers should not be bothered without paying prompt and handsome remuneration. (Shri Sai Sat Charita, Chapters 18-19)

Workers! Are you listening to Sai?

Workers of the World, Unite!
To jointly serve Him!

For we are labourers together with God :
ye are God's husbandry,
ye are God's building...

O Sai! Thou art our ideal 'Jacob's Ladder' Who came to Shirdi, from the line of Jacob, through the provisions of God, and redeemed us so that we may live in heaven for eternity.

- Dr. Subodh Agarwal
'Shirdi Sai Dham',
29, Tilak Road, Dehra Dun - 248 001,
Uttarakhand.
Mobile : **(0)9897202810**
E-mail : **subodhagarwal27@gmail.com**

❍❍❍

Shri Sai Baba left His mortal coil and took the *Mahasamadhi* on Tuesday, October 15, 1918, the auspicious day of Vijayadashmi. Since then, Shri Sai Baba's *Punyatithi* is being celebrated on the day of Vijayadashmi every year by the Sansthan. This *Mahasamadhi* event of Shri Sai Baba is completing its one hundred years on 18th October 2018, the auspicious day of Vijayadashmi (Dussehra). To commemorate these 100 years, the Sansthan is going to celebrate this Centenary Festive on a grand scale from October 1, 2017 to October 19, 2018. A separate account has been opened in the name of 'Shri Saibaba *Mahasamadhi Shatabdi Sohala*' bearing number 35420673060 in the Shirdi branch of State Bank of India for Sai devotees intending to donate for the 'Centenary Year Event of Shri Sai Baba's *Mahasamadhi*'.

Executive Officer,
Shree Sai Baba Sansthan Trust, Shirdi

1. When I first visited Shirdi and took Shri Sai Baba's *Darshan*, He gave me four *annas* (25 *paise*). I treasured it, and carefully put it in a special box which is otherwise used for keeping the auspicious vermillion. I religiously worshipped it. One day, I bought few dry coconuts from a lady, and paid her the desired amount. However, I later realized while worshipping the box that I had accidently given away the special four *annas* to the lady who sold coconuts. I was distraught, and kept chanting Sai Baba's Name. Eventually, after selling all the coconuts, the lady came back, and returned the valuable four *annas*. She said, "Madam, please take away these *annas* that you have worshipped, and give me other *annas*." On getting back the *annas*, I wondered at this miracle, and realized Sai Baba had heard my prayer and given me the *annas* back.

2. We were staying at our ancestral house for many years. Five years ago, one day, I got a dream, in which I saw, I am standing on the marble staircase, and Shri Sai Baba came there with His usual vessel in hand, and said, 'Descend the stairs.' I woke up from the dream, and found it very mystical. I could not fathom the meaning or understand the message being conveyed in the dream. Next morning, my son returned from Pune and said, "We shall move to a new house now." On knowing the reason for shifting, I told him about the dream and immediately, we left for a new house. The dream was an indication of this transition.

3. Few years ago, my son was very sick, and I was really worried. Every night, before going to bed, I used to pray for his health to Sai Baba. One night, I got a dream, where He said, 'Your son is fine. Why are you worried?' From that day onwards, my son's health improved, and indeed, he became fit and fine after some days.

4. When I visited Shirdi for the third time, I took one rupee coin in my hand, and kept one more in my pocket. After I bowed down and touched His Feet, I gave Sai Baba the one-rupee coin, which I was carrying. He asked me for more. I obliged, and gave the rupee, which I had kept in the pocket. He kept saying, "Give; Give, you have enough money." In this way, Sai Baba, being omnipotent, knew everything about the devotees.

- Krishnabai S. Prabhakar

Shri Sai Leela, 5th Year, Issues 2-3

On 14th September, 1918, Saturday, I visited my friend, Sri Ganpatrao Badkar on the occasion of Ganesh festival. I returned late, and slept almost at 2.00 am. At 4.00 am, I had a dream, where the sovereign of Dabholi monastery, Swami Shri Madvimalanand gave me eight *annas* (consisting of silver coins), and said, 'Get me 100 betel leaves before 12 noon.' I woke up immediately, and switched on the lights. I realized that there were neither leaves, nor eight *annas*. Swami too was not there. It was a dream after all. Yet, since it was a divine dream, I noted it in my diary like I always do whenever I get such indicative dreams of Sai Baba. The reason for penning down such dreams

SAI MAHARAJA'S EXPERIENCES

is that often these dreams turn out into reality in some form or the other. I have experienced that.

My house has a tradition of celebrating the Ganesh festival for five days and recently, on 13th September, the idol immersion had taken place. I was sure that since the leaves are part of worship, they will be in stock. But, I was doubtful of how I can send them to Dabholi, which was very far from my residence in Bandra. I thought, and felt that these leaves can be sent to Shirdi, if not Dabholi. I knew that I would easily get the number of leaves, and confirmed this with my family. Yet, I was not sure whom to send. With all these thoughts, I got up from my bed, and started climbing down the stairs. I heard some footsteps, and realized someone was coming up. It was Sri Anna Chinchanikar. I was very happy. It was a Sunday, and he had come from Shirdi the previous night to meet Sri Keshav Joshi. Immediately, he gave me Shri Sai Baba's *Udi*, and after resting for a while, I told him about the dream. I asked if he knew anyone who was going to Shirdi. He instantly replied that Sri Balasaheb Dev would be going to Shirdi on Tuesday, and before leaving, he would meet him on Monday. On knowing this, I gave him 100 leaves, 2 betel nuts, eight *annas*, and written description of the dream.

Accordingly, Sri Anna met Sri Balasaheb Dev at Thane, and told him the entire incident. He immediately took the things, and started to prepare for his journey to Shirdi. Just when he was about to leave, his daughter fell ill. Hence, instead of Tuesday, he postponed the journey by two days. He gave the leaves, *annas*, and confessed to Sai Baba that due to delay in the journey, the leaves had dried off. He also kept the betel nuts. He informed Sai Baba of the dream.

Usually, when devotees offered such things to Sai Baba, he would distribute these among other devotees; but He kept these leaves on the mattress saying, "It's okay even if the leaves have dried. Let it be here."

Sri Dev wanted to inform about this incident through a letter to me; however, he narrated the incident when Sri Anna Chinchanikar and Sri Madhavrao Deshpande met him at his residence on 27th September 1918. He sent me the information about the incident, which I came to know when I visited Bhausaheb Dixit at night at his place on the occasion of *Gaj-Gauri vrat*. Next day, when I was about to leave, he insisted that I listen to the sermon of Eknathi Bhagwat. Sri Bhausaheb Dixit used to read it in the morning. I listened to it, and coincidentally, that day, he read about dried leaves, and how even dried leaves symbolic of the fact that though they may be aged, devotees are always dear and age does not lower down devotion.

Offered by hearts purely devoted,

Such offerings are always adored, and are sacred...

Though they may wither with time each day,

Lord cherishes them, and shall never cast away...

(*Skanth* 10, *Adhyay* 6, *Shlok* 12, *Ovi* 41)

The dream and the subsequent incidents, as well as listening to sermon are all unrelated; but there is a link for sure, as both discuss dry leaves. The answer to Sai Baba's acceptance of dry leaves was given though in a different way and through a different context. To summarize, the dream, the requirement of 100 leaves, arrival of Anna Chinchanikar at the same time, Balasaheb Dev's visit to Shirdi and offering of the dry leaves, Sai Baba's acceptance of the leaves, on return, meeting Madhavrao, attending the *Gaj-Gauri* function, and there, listening to the sermon which again mentioned leaves - all these incidents are tied together. It is a pleasant surprise, and this made me fonder of Sai Baba. Lord wanted to convey the message that He loves His devotees irrespective of their age and offerings.

While reading Kaupinpanchak written by Shri Mat Paramhans Parirvajkacharya Shri Machchhankaracharya, I remembered an incident where Shri Sai Baba had given His counsel to His one of the loyal devotees. In previous

(Contd. on page 32)



That was how Shri Sai Baba made Sri K. Gopalkrishnan His staunch devotee...

I would like to share with you a miracle that Sai performed for Sri K. Gopalkrishnan - a family friend of ours; and how Baba entered into his life, and how things changed thereafter...

Padma Ramaswamy
A-8/3, Shree Ram Nagar,
S.V. Road, Andheri (West),
Mumbai - 400 058.
Mobile : **(0)9820349755**

Sri K. Gopalkrishnan himself narrates the details of his hair-raising experience…

"I left for office on 10th June 2015 as usual, leaving my wife engaged in her household chores. She was all alone. Suddenly, at 5.00 pm, she experienced shooting pain in her head; and in a fraction of time, pain flared through her shoulders. She apprehended that something was going wrong with her. She rushed to the hall, but couldn't even sit in the cot as by that time she was losing control of her legs. However, struggling to keep her cool, she immediately rang up her best friend in our colony (who had returned from her tour of the South the previous night only), and made a request for immediate help. The friend wasted no time, and came rushing to her aid. She found my wife sitting on the floor of the main hall, and sweating profusely. Through the misty veil of her half-closed eyes in a semi-conscious state, my wife communicated and conveyed her problem to her friend. I was still in the office, while remaining quite unaware of the happenings at home. There, my wife requested her friend to check if my cousin's wife, who was a doctor, had returned from duty. Yes, she had arrived; and came as quickly as she could to attend to the patient. The preliminary check-up revealed that my wife had high blood pressure (170/130) and rapid heart rate (108). The patient now started vomiting, and couldn't even hold down water. Somehow, to treat and reduce blood pressure, a tablet was forced into her mouth, which led to a significant cut in blood pressure within the next one hour, slashing the risk of a heart attack or stroke.

My son was informed of the sudden illness of his mother, and he rushed out of his office and reached home by 6.40 pm. I wasn't informed, fearing it would cause me anxiety and tension while driving back home. I reached home at around 7.00 pm only to hear the shocking developments as she had never experienced any problem with her health. She has been consistently measuring her blood pressure. Her blood pressure was 130/80 the previous day.

Finding her in critical condition, it was decided to hospitalize her, where she had an ECG done. Though the ECG showed no symptoms of heart attack, the cardiologist decided to keep her under observation in the ICU. At around 10.00 pm, the cardiologist chose to perform a CT scan since the ECG showed no abnormal symptoms of any kind, and left to decide on the best way to follow up any findings made on the CT scan. The CT scan was performed on 11th June at around 1.30 am, which diagnosed brain haemorrhage (Aneurysm). We were advised that the patient be transferred to another hospital nearby for cerebral angiography. We moved her there on 11th June at 12 noon. The angiography was carried out to ascertain the surgical treatment for hemorrhagic stroke caused by an aneurysm. The surgery involved heavy expenditure. The estimated cost of surgery made me and my son quite upset. But, the whole-hearted co-operation of our office colleagues and our cashless hospitalisation policies helped us to sail through our troubles; and the surgeon carried out successful operation by 1.30 am the next day, i.e. on 12th June. She was hooked on to a ventilator and shifted to the ICU.

It was on the 12th June that I experienced Sai Baba entering into my life for the first time. Honestly speaking, I had never been a devotee of Sai Baba before this experience, though I'm sure I am not an atheist. I am an ardent devotee of Lord Hanuman, and have been regularly worshipping at a temple on every Saturday for the last 35 years. After worshipping Lord Hanuman, I moved to go back to the hospital where the patient was awaiting recovery from surgery.

Lo! A few yards away from the temple, I could visibly feel the presence of Shirdi Sai Baba around me; uttering comforting words that my wife was safe under His personal care at the hospital, and that, she would be back home soon in perfect health. These touching 'words' of Baba warmed my heart, and my eyes welled up with tears of joy. Not even with one iota of doubt and disbelief in my mind, I walked towards the hospital with enhanced self-confidence.

On reaching the special visitors' room, I was awestruck to notice a framed photo of Shirdi Sai Baba, in which He was spreading His protecting hands to bless the devotees, hung on one of the walls of the room. This view endorsed my earlier experience that Sai Baba had entered into my life at a time when I was totally in a helpless state.

I shared my blissful feelings with my wife's friend. It was really an ecstatic moment for me to hear from her that she was a devotee of Sai Baba, and that she had already administered *Udi* to my wife when she came home the previous day. With this revelation, it had become quite evident that Sai Baba had entered my home on the 10th June itself when my wife was administered *Udi*. My wife's friend then gave me a packet of *Udi* and a copy of Shri Sai Sat Charita along with a small photo of Baba. She also requested me to apply *Udi* every morning and evening on the forehead, and take some little of it mixed with water. She also advised me to read one chapter or few pages from Shri Sai Sat Charita a day, and offer prayer in faith to Baba for my wife's rapid recovery. I started complying with her advice from the same day. I also made it a point to visit Sai Baba temple in my locality to seek His blessings on every Thursday.

During her stay in the hospital, though my wife still had one or two critical stages to pass through, she remained conscious all through, and at no stage went into a coma. Her recovery was termed as very fast and remarkable. It's fine to say more precisely, a 'grand miracle', with the blessings of Sai Baba. Finally, she was allowed to be discharged from the hospital in the last week of June.

However, after the incident, we noticed that my wife suddenly lost the ability to speak in one of the languages i.e. Malayalam, which she earlier could speak very fluently (especially considering the fact that she was born and brought up in Kerala). Though she had no trouble understanding what people were saying, she just could not respond in Malayalam. Instead, she would automatically end up replying in Hindi. When we checked with the doctors, we were told that such conditions do surface after a

haemorrhage. The doctors told us that she might or might not get back to speaking the language, or it might even take years for her to get in back in this case. Nevertheless, I assured my upset wife that since our mother tongue was Tamil, and she could still speak three other languages, this minor issue really need not bother both of us too much, and we must accept it, and move on.

After her discharge from hospital on the 26th June, my wife slowly started reading the daily prayers from the books which were all primarily in the Malayalam language. Once her confidence increased her self-motivation drastically, she also started reading Shri Sai Sat Charita regularly. As a result of an awful lot of determination, dedication, self-discipline and effort of my wife, she suddenly, sometime in the last week of July 2015, started conversing clearly, confidently and fluently in Malayalam. This again was nothing short of another 'grand miracle', which came as a complete surprise to our family.

She underwent physiotherapy for about one and a half months on her return home; and MRI scans, after a couple of months, showed that all was well with her. Now I decided to leave my consultancy assignment, and stay with my wife all along. I wanted to be with her to help her recover fast. Thus, I started a new life that took me to new journey of spiritual experiences. During all these 2-3 months, I made three *Parayans* (readings) of Shri Sai Sat Charita. My visit to Sai Baba temple on every Thursday continues; and offering *naivedya* and performing *Aarati* are regular happenings at our home on Thursday evening. My family have four people : I, my wife, my son and my daughter-in –law. We all regularly pray to Sai Baba and chant His Name during dawn and dusk.

After a few days, some youngsters from our colony were invited to conduct devotional singing of Sai *Bhajans* at Shirdi. I also joined them for the first time. When I entered the *Samadhi Mandir* to have *Darshan* of Sai Baba, I took the queue on the right side of the fence that enclosed the *Samadhi*-platform. The *Samadhi Mandir*, on the 15th of August, was heavily crowded with pilgrims. After making my heartfelt prayers at the Lotus Feet of Baba, I started to walk out with my basket. As I slowly walked towards the exit, two *chopdars* (attendants) asked me to wait near the statue of Sai Baba as per the instructions of the priest. I was moved, and my eyes were in tears only to get a feeling of blessings of Sai Baba. The priest allowed me to touch the *Samadhi* with my forehead and get His blessings. The priest also gave me an item with the embossed image of Sai Baba on it and had His name inscribed. After coming out of the hall, I came to the Neem tree area (*Gurusthan*). While I was offering my prayers to Baba, an attendant approached me and offered me two leaves of the Neem tree, to my utter surprise. My colony mates advised me to keep these leaves near Sai Baba photo in my home on return. I stayed in Shirdi for one day; and, after seeking Baba's permission, returned to Mumbai with His blessings and *Udi*.

My faith that my wife would recover rapidly with each passing day was a 'virtual gift', bestowed upon me by the blessings of none other than Baba Himself. All my family members and I have now become His staunch devotees. We feel our daily interaction with Him when we pray. All of us have fully surrendered to Sai Baba with unqualified faith. We now firmly believe that He has always been with us at all times."

Sai ki leela Sai hi jane!

Compiled by **Dr. Subodh Agarwal**

❍❍❍

...Facing the East and keeping the image of the *Sadguru* in the heart, do the *Parayan* of the Book with a calm mind and with joy. During the seven days, read the first eight chapters on the first day, then the next eight on the second day, followed by next seven on the third day. Then eight, six, eight and seven chapters on the following four days, and only *Avataranika* on the eighth day...

बाबा बचपन की कथा,
अपने मुख बतलाय।
अपनी जीवन यात्रा,
सबको दे समझाय।।
जब मैं छोटा बाल था,
बीड़गाँव आ जाय।
करूँ ज़री का काम मैं,
आशा लगन लगाय।।

– श्री साईं सत् चरित
(हिंदी दोहावली से – रचयिता : **शिवनारायण टुवानी**)

हे बाबा! (१ मई) आज जब सम्पूर्ण विश्व अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस अर्थात् मई दिवस (May Day) मना रहा है, मैं आपकी दिव्य श्रमिक छवि की अनुभूति कर धन्य हो रहा हूँ। आपका यह स्वरूप आपके जीवनीकार श्री हेमाड़पंत की अमर कृति **'श्री साईं सत् चरित'** में यत्र–तत्र–सर्वत्र व्याप्त है और आपके समस्त भक्तों को प्रत्यक्ष रूप से दृष्टिगोचर होता है।

हे साईं! आप सम्पूर्ण भू–मण्डल पर श्रम रूप में जो विद्यमान हैं, आपके उस श्रम–स्वरूप को मैं बारम्बार प्रणाम करता हूँ।

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

हे बाबा! उस मनोहारी दृश्य की कल्पना मात्र से ही मन प्रफुल्लित हो उठता है, जब आपके समकालीन शिर्डी निवासी आपको विभिन्न प्रकार के पुष्पों के पौधे राहाता ग्राम से लाते हुए निहारा करते थे। आप स्वयं ही इन पौधों को स्वच्छ करके भूमि में रोपा करते। आप ही तो कुएँ से पानी खींच कर वामन तात्या द्वारा भेंट किये गए मिट्टी के घड़ों को पानी से भरते, और इन पौधों को सींचते। फलस्वरूप आपके तीन वर्षों के अविरल परिश्रम से वह भूमि उस बहुचर्चित 'फूलों की घाटी' सी प्रतीत होने लगी, जो नवोदित उत्तराखण्ड राज्य का आभूषण मानी जाती है।

हे साईं! आपके साक्षात् दर्शन की अभिलाषा बहुधा मन में बलवती होती रही है। आपके दर्शन कहाँ और कैसे करूँ – यह समझ में आता ही नहीं था। अंततः आपने मेरा वरण करने की ठान ली, और मुझ पर आपकी कृपा रूपी मेघ वृष्टि होने लगी, और मेरे अन्तःकरण में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की अमर कृति 'गीतांजलि' की ये पंक्तियाँ प्रतिध्वनित होने लगीं –

"... ईश्वर तो वहाँ है, जहाँ पृथ्वी की ख़ुदाई करने

वाला श्रमिक कठोर भूमि की ख़ुदाई कर रहा है; ईश्वर तो वहाँ है, जहाँ सड़क बनाने वाला श्रमिक पत्थर तोड़ रहा है...।'' (गीत ११)

हे बाबा! आपको बाग़वानी की समस्त क्रियाएँ करते हुए, घोर परिश्रम में लिप्त हुए देख कर मुझे आप ही के स्वरूप में ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन हो रहे हैं; और श्री गंगागीर जी के उन शब्दों का उचित मर्म भी मेरी समझ में आ गया है, जो उन्होंने शिर्डीवासियों को सम्बोधित करते हुए इस प्रकार कहे थे - ''शिर्डी परम भाग्यशालिनी है, जहाँ एक अमूल्य हीरा है। जिन्हें तुम इस प्रकार परिश्रम करते हुए देख रहे हो, वे कोई सामान्य पुरुष नहीं है। अपितु, यह भूमि बहुत भाग्यशालिनी तथा महान पुण्यभूमि है; इसी कारण इसे यह रत्न प्राप्त हुआ है।'' (श्री साईं सत् चरित, अध्याय ५)

हे दिव्य बाग़बान साईं! आपने अपने कर-कमलों से जो भी बीजारोपण एवं पौधारोपण किया, वही आपकी हरित अँगुलियों के स्पर्श से फल और पुष्प में खिल उठा।

हे साईं! आज आप अपने उन्हीं हरित अँगुलियों वाले कर-कमलों को मेरे सिर पर रखते हुए मुझे वर दीजिये कि एक ही प्रमाण में मेरा सम्पूर्ण देह आपके विशाल चरणों को स्पर्श कर ले।

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

हे ब्रह्माण्डनायक! यह सर्वविदित ही है कि ''जो जैसा बोता है, वैसा ही काटता है।'' हाँ बाबा, हाँ! शिर्डी की जिस भूमि पर आप पुष्प खिलाया करते थे, और आपके कठोर परिश्रम तथा प्रयत्न से जहाँ फूलों की एक सुंदर फुलवारी बन गई थी, आज उसी स्थान पर आपके

समाधि मंदिर की भव्य इमारत शोभायमान है, जहाँ सहस्त्रों भक्त प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के सुगंधित पुष्प आपको भेंट चढ़ाते हैं। हे साईं! आपने फूल बोये और फूल ही पाये। आपका श्रम सदैव खिले रहने वाले पुष्पों में रूपान्तरित हो गया -

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

समस्त मानवता को ऐसा अमूल्य संदेश देने वाले हे साईं! आप निःसंदेह अभिनंदनीय एवं वंदनीय हैं।

हे उदार हृदय सद्गुरु साईं! आप अपने भक्तों की उदरपूर्ति हेतु कितना परिश्रम करते थे, इसकी भव्य झाँकी श्री साईं सत् चरित के अध्याय ३८ में यों चित्रित है -

जब आपके मन में अपने सभी भक्तों को भोजन कराने की इच्छा होती, तो प्रारम्भ से लेकर अंत तक सम्पूर्ण व्यवस्था आप स्वयं ही किया करते थे। आप किसी पर निर्भर नहीं रहा करते थे, और न ही किसी को इस संबंध में कष्ट ही दिया करते थे। प्रथमतः, आप स्वयं बाज़ार जाकर सब वस्तुएँ - अनाज, आटा, नमक, मिर्ची, जीरा, खोपरा और अन्य मसाले आदि वस्तुएँ नक़द दाम देकर ख़रीद लाया करते थे। यहाँ तक कि पीसने का कार्य

भी आप स्वयं ही किया करते थे। मस्जिद के आँगन में ही एक भट्टी बना कर उसमें अग्नि प्रज्वलित करके हांडी में ठीक नाप से पानी भर देते थे। हांडी दो प्रकार की थी – एक छोटी और दूसरी बड़ी। पत्थर की सिल पर महीन मसाला पीस कर हांडी में डाल देते थे। भोजन रुचिकर बने, इसका आप भरसक प्रयत्न किया करते थे। भोजन ठीक बन रहा है या नहीं, यह जानने के लिए आप अपनी कफ़नी की बाँहें ऊपर चढ़ा कर, निर्भय हो, उबलती हांडी में हाथ डाल देते, और उसे चारों ओर घुमाया करते थे। ऐसा करने पर भी, हे बाबा! आपके हाथ पर न कोई जलन का चिह्न और न चेहरे पर श्रम की कोई पीड़ा झलकती थी। इस प्रकार तैयार हुए भोजन को आप ग़रीब और अनाथ लोगों को खिला कर उन्हें तृप्त किया करते थे। सचमुच, वे लोग धन्य थे! कितने भाग्यशाली थे वे, जिन्हें आपके श्रमिक हाथों का बना और परोसा हुआ भोजन उदरपूर्ति हेतु प्राप्त हुआ! –

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

हे भक्तवत्सल! आपके क्रिया–कलापों को देख कर कभी–कभी मुझे लगता है कि कहीं आप वही तो नहीं हैं, जो गोकुल की गलियों में खेला करते थे, और जिन्होंने अपने बाल–सखा सुदामा के चरणों को अश्रुओं से धोया था। हे वैराग्य की प्रतिमूर्ति! आपने कलियुग में साईं रूप में अवतरित होकर भी अपनी उस आदत को छोड़ा नहीं। द्वारकामाई ही आपकी द्वारका बन गई, जहाँ अपने भक्तों के चरणों को धोकर आपने द्वापर में की गई अपनी अद्भुत लीलाओं की पुनरावृत्ति की।

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

हे साईं! श्रमिक के रूप में आपके कठोर परिश्रम का चित्रण श्री साईं सत् चरित के अध्याय ३२ में तो अत्यन्त ही अनूठे ढंग से किया गया है।

हे मेरे जीवनाधार साईं! आप सुन रहे हैं ना! आज मैं आपको आपके वही अमृत वचन सुना रहा हूँ, जिन्हें बरसों पहले द्वारकामाई–मस्जिद में एकत्रित हुए कई भक्तों ने आपके श्रीमुख से ही अत्यन्त तन्मयता से सुना था, और जिन्हें श्री हेमाड़पंत जी ने भावी पीढ़ियों के लाभार्थ **श्री साईं सत् चरित** में यों उद्धृत किया – ''जब मैं छोटा था, तब जीविका उपार्जनार्थ बीडगाँव गया। वहाँ मुझे ज़री का काम मिल गया, और मैं पूर्ण लगन व उम्मीद से अपना काम करने लगा। मेरा काम देख कर सेठ बहुत ही प्रसन्न हुआ। मेरे साथ तीन लड़के और भी काम करते थे। पहले का काम ५० रुपये का, दूसरे का १०० रुपये का, और तीसरे का १५० रुपये का हुआ। मेरा काम उन तीनों से दुगना हो गया। मेरी निपुणता देख कर सेठ बहुत ही प्रसन्न हुआ। वह मुझे अधिक चाहता था, और मेरी प्रशंसा भी करता था। उसने मुझे पूरी पोशाक प्रदान की, जिसमें सिर के लिए एक पगड़ी और शरीर के लिए एक शेला भी था। मेरे पास वह पोशाक वैसी ही रखी रही। मैंने सोचा कि जो कुछ मनुष्य निर्मित है, वह नाशवान् और

अपूर्ण है; परन्तु जो कुछ मेरे सरकार द्वारा प्राप्त होगा, वही अंत तक रहेगा। किसी भी मनुष्य के उपहार की उससे समानता सम्भव नहीं है। मेरे सरकार कहते हैं, 'ले जाओ'। लोग मेरे पास आकर कहते हैं, 'मुझे दो, मुझे दो'। परन्तु, जो कुछ मैं कहता हूँ, उसके अर्थ पर कोई ध्यान देने का प्रयत्न नहीं करता। मेरे सरकार का ख़ज़ाना (आध्यात्मिक भण्डार) भरपूर है, और वह बह रहा है। मैं तो कहता हूँ कि खोद कर गाड़ी में भर कर ले जाओ। जो सच्ची माँ का लाल होगा, उसे स्वयं ही भरना चाहिए। मेरे फ़क़ीर की कला, मेरे भगवान् की लीला और मेरे सरकार का बर्ताव सर्वथा अद्वितीय है...।'' (अध्याय ३२)

हे बाबा! जब-जब भी मैं अध्याय ३२ का पारायण करते समय आपके उपरोक्त कथन को सुनता हूँ, मैं जड़वत् होता रहा हूँ। मुझे अनुभूति होती रही है कि कोई अदृश्य दिव्य शक्ति मुझे वहीं रुक जाने के लिए कह कर आपके उपरोक्त उद्धृत सम्पूर्ण कथन पर गहनता से मनन करने के लिए आदेशित कर रही है। अदृश्य बने रह कर भी मुझे अपनी उपस्थिति का प्रत्यक्ष अहसास करा देने वाले हे साईं! उस दिव्य शक्ति की आवाज़ को मैंने पहचान लिया है। वह निःसंदेह आप ही का स्वर है।

आपकी उपरोक्त उद्धृत वाणी पर गहनता से मनन करने हेतु मैं आपके श्री-चरणों में अपना ध्यान केंद्रित करते हुए आपके श्रीमुख से निकले अमृत वचनों का वास्तविक अभिप्राय समझने की चेष्टा कर रहा हूँ।

हे त्रिगुणातीत साईं! सच तो यह है कि जब आप अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर होने की दिशा दिखलाने के लिए मन बना लेते हैं, तब आप व्यंजनापूर्ण शैली (Allegorical Style) में कोई सरल सी कथा (Parable) बना कर सुनाने लगते हैं, और ऐसा करते समय कथा के मुख्य पात्र का आवरण (Cover) आप स्वयं ओढ़ लेते हैं। आपके सुनाने का अंदाज़ भी कुछ ऐसा होता है कि लगता है कि आप 'आप बीती' सुना रहे हैं। **'श्री साईं सत् चरित'** में ऐसे असंख्य दृष्टान्त मिलते हैं, जो धर्म वैधानिक ईसोपदेशों (Canonical Gospels) में उपलब्ध प्रभु ईसा (जीसस क्राइस्ट) द्वारा आध्यात्मिक संदेश देने के अभिप्राय से सुनाई गई व्यंजनापूर्ण नीति कथाओं (Parables) जैसे प्रतीत होते हैं। मूल कथा को आगे बढ़ाने से पहले उन असंख्य दृष्टान्तों में से कुछ एक का स्मरण कर लेना यहाँ प्रासंगिक ही होगा।

एक बार की बात है कि गोवा से दो महानुभाव आपके दर्शनार्थ शिर्डी आये थे। आपने उन्हें निम्न रहस्यपूर्ण कहानी सुनाई थी, ''समुद्र के किनारे घूमते-घूमते मैं एक भव्य महल के पास पहुँचा, और उसके दालान में विश्राम करने लगा। उस महल के ब्राह्मण स्वामी ने मेरा यथोचित स्वागत कर मुझे बढ़िया स्वादिष्ट भोज्य पदार्थ खाने को दिये। भोजन के उपरांत उसने मुझे अलमारी के समीप एक स्वच्छ स्थान शयन के लिए बतला दिया, और मैं वहीं सो गया। जब मैं प्रगाढ़ निद्रा में था, तो उस व्यक्ति ने पत्थर खिसका कर दीवार में सेंध डाली, और उसके द्वारा भीतर घुस कर उसने मेरा खीसा कतर लिया। निद्रा से उठने पर मैंने देखा कि मेरे तीस हज़ार रुपये चुरा लिये गए हैं। मैं बड़ी विपत्ति में पड़ गया, और दुःखित होकर रोता हुआ बैठ गया। केवल नोट ही नोट चुरा लिये थे; इसलिए मैंने सोचा कि यह कार्य उस ब्राह्मण के अतिरिक्त और किसी का नहीं है। मुझे खाना-पीना कुछ भी अच्छा न लगा, और मैं एक पखवाड़े तक दालान में ही बैठे-बैठे चोरी का दुःख मनाता रहा। इस तरह पन्द्रह दिन व्यतीत होने पर रास्ते से जाने वाले एक फ़क़ीर ने मुझे दुःख से बिलखते देख कर मेरे रोने का कारण पूछा। तब मैंने सब हाल उससे कह सुनाया। उसने मुझसे कहा कि यदि तुम मेरे आदेशानुसार आचरण करोगे, तो तुम्हारा चुराया धन



श्री साईं सत् चरित,
अध्याय ३६

वापस मिल जायेगा। मैं एक फ़क़ीर का पता तुम्हें बताये देता हूँ। तुम उसकी शरण में जाओ, और उसकी कृपा से तुम्हें तुम्हारा धन पुनः मिल जायेगा। परन्तु, जब तक तुम्हें अपना धन वापस नहीं मिलता, उस समय तक तुम अपना प्रिय भोजन त्याग दो। मैंने उस फ़क़ीर का कहना मान लिया, और मेरा चुराया धन मिल गया। तब मैं समुद्र तट पर आया, जहाँ पर एक जहाज़ खड़ा था, जो यात्रियों से ठसाठस भर चुका था। भाग्यवश वहाँ एक उदार प्रकृति वाले चपरासी की सहायता से मुझे एक स्थान मिल गया। इस प्रकार मैं दूसरे किनारे पर पहुँचा और वहाँ से मैं रेलगाड़ी में बैठ कर मस्जिद माई आ पहुँचा।'' (अध्याय ३६)

हे बाबा! शामा तो आपका अंतरंग भक्त था। वह सदैव ही आपके समीप रहता, और आपके जीवन में प्रतिदिन घटित हो रही समस्त घटनाओं से भली भाँति परिचित था। आपके श्रीमुख से यह कथा सुन कर वह पशोपेश में पड़ गया। उसने गोवा के इन दोनों महानुभावों से कहा कि ''बाबा की यह कहानी तो बड़ी ही रहस्यपूर्ण है; क्योंकि न तो वे कभी समुद्र की ओर गये हैं, और न ही उनके पास तीस हज़ार रुपये ही थे। उन्होंने न कहीं भी यात्रा की, न उनकी कोई रक़म ही चुराई गई, और न वापस आई... आप लोगों की कुछ समझ में आया कि इसका अर्थ क्या था?'' उनमें से एक महानुभाव ने कहा कि ''बाबा तो सर्वव्यापी, अनन्त और परब्रह्म स्वरूप हैं। जो कथा उन्होंने कही है, वह बिल्कुल मेरी ही कहानी है, और वह मेरे ऊपर बीत चुकी है...।''

हे साईं! आपने व्यंजनापूर्ण शैली में उपरोक्त कथा सुना कर अपने उन अतिथिद्वय को अपनी सर्वज्ञता का बोध करा कर उनकी आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

सदैव संक्षिप्त, अर्थपूर्ण, गूढ़, विद्वत्तापूर्ण व व्यंजनापूर्ण तथा समतोल शब्दों में अपना संदेश संप्रेषित करने वाले हे शिर्डीश्वर! आपकी ऐसी कथाएँ अनन्त हैं। समझ में नहीं आ रहा है कि कौन सी छोड़ूँ, कौन सी लिखूँ!

एक बार की बात है कि अक्कलकोट (ज़िला सोलापुर) के एक वकील श्री सपटणेकर भाग्यवश आपके ईश्वरीय स्वरूप से अनभिज्ञ होकर आध्यात्मिक मार्ग से भटक गये थे; मगर अन्ततोगत्वा अपनी भूल पहचान कर

श्री एवं श्रीमती सपटणेकर

आपकी क्षमा माँगने सपत्नीक शिर्डी आये थे। आपने उन्हें व्यंजनापूर्ण शैली में दो कथाएँ सुनाई थीं, जिन्हें सुन कर श्री एवं श्रीमती सपटणेकर समझ गये थे कि आप क्रमशः उन दोनों के जीवन में ही घटित वास्तविक कथाएँ सुना रहे हैं। इस प्रकार दोनों को ही आपने अपनी सर्वज्ञता का बोध करा दिया, और विशेषतः श्री सपटणेकर को अपने सारगर्भित शब्दों द्वारा भली भाँति समझा दिया कि आध्यात्मिक पथ पर चलने के लिए उन्हें घोर परिश्रम करना पड़ेगा; क्योंकि वह मार्ग अत्यन्त कठिन एवं श्रमपूर्ण है। (अध्याय ४८)

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

इसी भाँति एक अन्य अवसर पर आपने पूना के एक महाशय श्री अनंतराव पाटणकर को यह कथा सुनाई थी, ''एक समय एक सौदागर यहाँ आया। उसके सम्मुख ही एक घोड़ी ने लीद की। जिज्ञासु सौदागर ने अपनी धोती



का छोर बिछा कर उसमें लीद के नौ गोले रख लिए, और इस प्रकार उसके चित्त को शांति प्राप्त हुई।'' (अध्याय २१) व्यंजनापूर्ण शैली में आपके द्वारा सुनाई गई इस कथा को सुन कर श्री पाटणकर नवधा भक्ति की ओर उन्मुख हो गये।

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः ।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः ।।

हाँ बाबा! अब मैं **श्री साईं सत् चरित** में वर्णित आपके 'बीडगाँव संस्मरण' (अध्याय ३२) में ध्यानमग्न हो रहा हूँ। मुझे अनुभूति हो रही है कि आपका यह 'संस्मरण' आपके जीवन में घटित वास्तविक घटना न होकर आपके द्वारा अपने समस्त भक्तों को एक उच्च आध्यात्मिक शिक्षा देने के अभिप्राय से व्यंजनापूर्ण शैली (Allegorical Style) में सुनाई कथा (Parable) है - ठीक वैसी ही जैसी कि एक विचित्र अंदाज़ में आपने गोवा से पधारे दो महानुभावों को सुनाई थी।

हे साईं! अब आप सुना रहे हैं कि जब आप छोटे थे, तब जीविका उपार्जनार्थ बीड़गाँव गये थे, और वहाँ आप एक सेठ के यहाँ पूर्ण परिश्रम से ज़री का काम करने की नौकरी करने लगे थे।

हे साईं! अपनी द्वारकामाई-मस्जिद में बैठ कर आपने खाशाबा देशमुख की माँ श्रीमती राधाबाई को



बतलाया था कि ''मेरे गुरु, जो बड़े सिद्ध पुरुष थे, मुझ पर बड़े दयालु थे। दीर्घ काल तक मैं उनकी सेवा करता रहा..'' (अध्याय १८-१९)। हे मेरे सद्गुरु साईं! आपके ये वही गुरुदेव तो थे, जिनकी साधना स्थली शिर्डी में नीम वृक्ष तले 'गुरु-स्थान' रही है, और जहाँ अपने इन्हीं गुरु के चरण-कमलों में बारह वर्षों के 'दीर्घ काल' तक विराजमान रह कर आपने कठोर तपस्या की थी। (अध्याय ४)

तपस्या पूर्ण होते ही आप उठ कर उसी नीम वृक्ष की पावन छाया में एक शिला पर आ बैठे थे। शिर्डी निवासिनी एक वृद्ध महिला नाना चोपदार की माँ को आपके सोलह वर्षीय तरुण, स्वस्थ, फुर्तीले तथा अति रूपवान बालक के रूप में प्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। (अध्याय ४)।

स्वतः सिद्ध होकर भी साधकों के समान आचरण करने वाले हे मेरे साईं! आपके द्वारा बारह वर्षों के दीर्घ काल तक की गई तपस्या और तत्पश्चात् मात्र सोलह वर्ष की आयु में शिर्डी में प्रकट होकर जीवन-पर्यन्त वहीं बसे रहने की घटना (Timeline) इस ओर ध्यान आकृष्ट करती है कि आपके पास बीड़गाँव जाकर



श्री साईं सत् चरित, अध्याय ४०

'जीविका उपार्जन' करने का समय ही कहाँ था! यद्यपि, यह नितान्त सत्य है कि शिर्डी में विद्यमान रहते हुए भी आप अपने भक्तों को यदा–कदा अपनी यत्र–तत्र–सर्वत्र उपस्थिति का आभास कराते रहे हैं –

श्री बी. वी. देव द्वारा आयोजित अपनी माता के उद्यापन समारोह (अध्याय ४०) व श्री हेमाड़पंत द्वारा बान्द्रा में अपने निवास गृह पर होली पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सहभोज (अध्याय ४०) में आपकी उपस्थिति इसका प्रबल साक्ष्य है।

और रही आपके बीड़गाँव 'जीविका उपार्जनार्थ' जाने की बात, तो समस्त ब्रह्माण्ड की रोज़ी–रोटी का प्रबन्ध करने वाले हे ब्रह्माण्डनायक! इसकी आपको आवश्यकता ही कहाँ थी! कन्धे पर झोली डाल कर तो मात्र आप अपने भक्तों के दुःख–कष्ट बटोरने जाते थे, न कि उनसे कुछ माँगने!

आपने बीड़गाँव में अपने साथ तीन और 'सहकर्मियों' के ज़री का काम करने की चर्चा की है। हे साईं! इसी अध्याय ३२ के प्रारम्भ में भी आपने अपने तीन 'सहयोगियों' का इस प्रकार उल्लेख किया है – ''एक समय हम चार सहयोगी मिल कर धार्मिक एवं अन्य पुस्तकों का अध्ययन कर रहे थे। इस प्रकार प्रबुद्ध होकर हम लोग ब्रह्म के मूल स्वरूप पर विचार करने लगे...।''

हे बाबा! गहनता से विचार करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही अध्याय में दो विभिन्न कथाएँ सुना कर आपने प्रत्येक घटना में क्रमशः तीन 'सहयोगियों' और तीन ही 'सहकर्मियों' की साभिप्राय चर्चा की है। जैसे 'नौ' का अंक नवधा भक्ति का चिह्न स्वरूप समझा जाता है, ठीक उसी तरह आपके द्वारा उपयोग किया गया यह 'तीन'

का अंक भी मनुष्य के तीन धार्मिक/आध्यात्मिक गुणों (Theological Virtues) की ओर इंगित करता हुआ सा प्रतीत हो रहा है। ये तीन गुण हैं – (१) श्रद्धा/आस्था/विश्वास (Faith) (२) आशा/भरोसा (Hope) और (३) परोपकार/प्रेम/दीन–वत्सलता (Charity)। ये तीनों गुण मनुष्य को ईश्वर द्वारा प्रदत्त अनुग्रह की अनुपम भेंट (Gifts of grace) हैं। यह भेंट उसे इस उद्देश्य से प्रदान की गई है कि वह अपना ध्यान निरन्तर ईश्वर में केंद्रित करने में अभ्यासरत् रखे। श्री हेमाड़पंत जी को तो आपने व्यंजनापूर्ण शैली में नहीं, वरन् स्पष्ट शब्दों में समझाया ही था कि ''आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए ध्यान अत्यन्त आवश्यक है, और यदि तुम इसका निरन्तर अभ्यास करते

रहोगे, तो कुप्रवृत्तियाँ शांत हो जायेंगी। तुम्हें आसक्ति रहित होकर सदैव ईश्वर का ध्यान करना चाहिये, जो सभी प्राणियों में व्याप्त है; और जब इस प्रकार मन एकाग्र हो जायेगा, तुम्हें ध्येय की प्राप्ति हो जायेगी।'' (अध्याय १८–१९)

हे साईं! ऐसा प्रतीत होता है कि आपने 'ज़री के काम' का उपयोग भी उपमान (Metaphor) के रूप में किया है। मुझे भली भाँति स्मरण है कि जब मैं प्रथम बार वर्ष १९८५ में सपरिवार आपके दर्शनार्थ शिर्डी आया था, तब हमें शिर्डी से पाँच किलोमीटर की दूरी पर स्थित उपासनी महाराज की तप–स्थली साकोरी जाने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वहाँ मैंने देखा था कि कुछ बालाएँ मालाएँ गूँथ रही थीं। मालाएँ गूँथने की प्रक्रिया में हाथों में सुई पकड़े थीं; मगर साथ ही वे ईश्वर के ध्यान में मग्न हो ईश्वर–भक्ति के गीतों का गायन भी कर रही थीं। इस भाँति वे आध्यात्मिक ध्यान (Spiritual Meditation) में लीन थीं।

चर्च में रहने वाली संन्यासिनियों/वैरागिनियों (Nuns) का क्रिया–कलाप भी कुछ ऐसा ही होता है। जब वे मोमबत्ती के प्रकाश में अथवा बल्बनुमा काँच की बोतल (Bulbous Glass Bottle) को सामने रख कर प्रभु ईसा में ध्यानमग्न होकर चर्च में प्रयोग होने वाले वस्त्रादि पर ज़री की कढ़ाई करती हैं, वे एक प्रकार से आध्यात्मिक ध्यान का ही अभ्यास कर रही होती हैं।

हे साईं! आपकी कथा का अभिप्राय स्पष्ट होता प्रतीत हो रहा है। लगता है, आप भौतिकवाद में उलझे जन–साधारण को देख कर चिंतित हो रहे हैं; आपको लगता है कि मनुष्यों में ईश्वर द्वारा प्रदत्त तीनों गुण दुर्बल पड़ते जा रहे हैं। आप अनुभव कर रहे हैं कि भौतिकवाद के पाश में जकड़ा मानव तभी आपके पास आकर बार–बार यही कहता है, ''मुझे दो! मुझे दो!''। आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का उसे ध्यान ही नहीं रह गया है। वह बहरा हो गया है, और उसे आपके इन शब्दों को सुनने की सुध–बुध ही नहीं है – ''मेरे सरकार का ख़ज़ाना (आध्यात्मिक भण्डार) भरपूर है और वह बह रहा है। मैं तो कहता हूँ कि खोद कर गाड़ी में भर कर ले जाओ। जो सच्ची माँ का लाल होगा, उसे स्वयं ही भरना चाहिये...।''

हे साईं भक्तों! हम सब उस दिव्य श्रमिक साईं की टीम के सदस्य हैं। आईये! हम सभी उसकी आवाज़ सुनें, और द्वारकामाई–मस्जिद के सच्चे 'लाल' बन कर श्रम पूर्वक उस ख़ज़ाने को खोद कर अपनी–अपनी गाड़ियाँ भर लें, और आध्यात्मिक उन्नति की राह पकड़ लें। यही शिर्डी के इस महान श्रमिक को हमारा सच्चा नमन होगा –

यः साईं सर्वभूतेषु श्रमरूपेण संस्थितः।
नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमस्तस्मै नमो नमः।।

– डा. सुबोध अग्रवाल
'शिर्डी साईं धाम',
२९, तिलक रोड़, देहरादून – २४८ ००१, उत्तराखण्ड.
ई–मेल : subodhagarwal@gmail.com
संचार ध्वनि : (०)९८९७२०२८१०

❍❍❍

आवाहन

धरातल पर मनुष्य अवतार में शिर्डी में अवतरित होकर अपना दैवीय कार्य सम्पन्न करने के उपरान्त श्री साईं बाबा ने मंगलवार, दिनांक १५ अक्तूबर १९१८ को विजयादशमी (दशहरा) के शुभ अवसर पर देह त्याग कर महासमाधि ली। तब से श्री साईं बाबा संस्थान (शिर्डी) की ओर से श्री साईं बाबा की पुण्यतिथि हर वर्ष विजयादशमी के दिन अत्यन्त हर्षोल्लास से मनाई जाती है। १८ अक्तूबर २०१८ को विजयादशमी के शुभ दिन श्री साईं बाबा की महासमाधि के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में संस्थान की ओर से श्री साईं बाबा की १००वीं पुण्यतिथि दिनांक १ अक्तूबर २०१७ से १९ अक्तूबर २०१८ तक की अवधि में बड़े पैमाने पर अत्यन्त उत्साह एवं उमंग पूर्वक मनाई जाने वाली है। जिन साईं भक्तों को इस 'श्री साईं बाबा महासमाधि शताब्दि समारोह' के लिए अपना आर्थिक योगदान देना है उनकी सुविधा के लिए संस्थान द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिर्डी शाखा में 'Shri Saibaba Mahasamadhi Shatabdi Sohala' इस नाम से खाता खोला गया है। इसका खाता नंबर है – ३५४२०६७३०६०.

– कार्यकारी अधिकारी, श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त–व्यवस्था, शिर्डी

जिसका न कोई वाली। उसको सम्भाले साईं...

श्री साईं सत् चरित के अध्याय २३ में ११०वीं ओवी की अनुभूति महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले के डोंबिवली (पूर्व) के श्री साईं श्रद्धा सेवा मण्डल की पदयात्रा के संस्थापक श्री भरत माउली भोईर को हुई...

बचपन में एक बार वे अपनी माँ के साथ शिर्डी गये, और तब से वे साईं के ही हो गये।

उस समय बस से शिर्डी जाने का किराया केवल १० से २० रुपये हुआ करता था। बाद में वे समय-समय पर शिर्डी जाने लगे। उनको हरदम बाबा की ही लगन लगी रहती। उन्होंने साईं को ही अपना सबकुछ मान लिया। एक बार... हाँ... सिर्फ़ एक बार हम बाबा को अपना सर्वस्व मान लें, तो हमारा सम्पूर्ण भार श्री साईं स्वयं उठा लेते हैं, और हमारा परित्राण करते हैं।...

''तुम्हारा बोझ मैं वहन करूँगा सारा।
कभी नहीं होगा मिथ्या यह वचन मेरा।।''

यह साईं वचन भरत जी के जीवन में चरितार्थ हुआ। घर के माहौल ने ऐसी उलझन निर्माण की कि बचपन में ही उनको घर से अलग होना पड़ा। किसी अनाथ बच्चे जैसी उनकी स्थिति बन गई।...

धरती उनके लिए बिछौना बन गई, तो आकाश ओढ़नी!... घर से कुछ दूर एक पेड़ के नीचे उन्होंने अपना आश्रय पाया। बिजली के लिए उपयोग में लाये जाने वाले मीटर का काम वे करने लगे। पेड़ के नीचे चूल्हा जला कर वे अपने लिए खाना बनाने लगे। ऐसा करते-करते उन्होंने अपने लिए वहाँ एक कुटिया बनाई। इतनी विकट परिस्थिति में भी बाबा के प्रति उनकी श्रद्धा बरकरार रही। बाबा ही इस विषम दशा में से उबारेंगे, ऐसी उनकी धारणा दिन-प्रति-दिन परवान चढ़ती गई। समय गुज़रता गया... और उनकी शादी भी हो गई। ऐसा भी वक़्त सामने आया कि डोंबिवली से कल्याण जाने के लिए भी उनकी जेब में पैसे नहीं थे।

लेकिन... आज उनकी ज़िंदगी का दृश्य पूरी तरह से बदला हुआ है।

आज उनकी छोटी सी कुटिया का परिवर्तन एक आलीशान, भव्य बंगले में हुआ है। उनकी सेवा में नौकर-चाकर हैं। घर के आँगन में गाड़ियाँ खड़ी हैं।

इस बारे में भरत माउली कहते हैं, ''यह सबकुछ जो शून्य से उभर कर आया, वह केवल श्री साईं की कृपा से ही हो पाया। जो बाबा की ओर एक क़दम बढ़ाता है, बाबा उसकी और दस क़दम बढ़ाते हैं। बाबा ने मुझे बोरियाँ भर-भर कर ख़ुशियाँ दीं। किसी भी प्रकार से मुझे हताश - निराश नहीं होने दिया। उम्मीदें बरकरार रखीं। इतना ही नहीं, परिवार और मेरे बीच में सेतु बना दिया।

बाबा कहते थे कि भूखे को अन्न दो, और रोगी की सेवा करो। वे ख़ुद इसका आचरण करते थे। बाबा की कृपा से बदले हुए मेरे जीवन में मैं उनके द्वारा दी हुई इस शिक्षा का अनुसरण कर रहा हूँ।

हम लोगों ने जो साईं मंदिर बनाया है उसमें हमने दान पेटी नहीं रखी है। इसके बारे में कई साईं भक्त मुझे पूछते भी हैं। मैं कहता हूँ, 'पैसे दान पेटी में डालने की बजाय उसी पैसे से किसी भूखे को खाना खिलाइए, रोगी का इलाज कीजिए, पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध कीजिए। यही दक्षिणा बाबा को अधिक प्रिय है।' साईं भक्त मेरी इस बात को मान कर उसका अनुसरण करते हैं।

बाबा ने हमारे लिए बहुत कुछ किया है। बाबा ने हमें बहुत कुछ दिया है। सबसे बड़ा काम हर मज़हब को एक ही छत के नीचे लाने का किया है। 'सबका मालिक एक' की शिक्षा बाबा ने हमें दी है। मैं बाबा की शुक्रगुज़ारी के तौर पर मुझसे जो बन पड़ता है, वह सदैव करता रहता हूँ।''

भरत जी पिछले दो दशक से हर वर्ष पदयात्रा कर शिर्डी जा रहे हैं। शुरू में ये चार साल वर्तक नगर (ठाणे) से निकलती पालकी-पदयात्रा के साथ गये। कुछ साल डोंबिवली (ठाणे) की एक पदयात्रा के साथ गये। इस कारण पदयात्रा का आयोजन एवं व्यवस्था किस तरह की जाती है उसका अनुभव भी उन्होंने पा लिया।

सन् २००६ में उन्होंने स्वयं अपनी निगरानी में अपने क्षेत्र से पालकी-पदयात्रा का आरम्भ किया। उस वर्ष की पदयात्रा में सौ साईं भक्त थे, आज यह संख्या ३०० से अधिक हुई है।

सभी में अपने जैसा ही जीव स्थित है, यह बात साईं ने कई बार बताई है। उसी बात को चरितार्थ करते हुए पदयात्रा में शामिल होने वाले प्रत्येक साईं भक्त का ख्याल रखते हुए शिर्डी ले जाया जाता है, और सुरक्षित वापस लाया जाता है। इस कार्य के लिए किसी भी साईं भक्त से एक भी पैसा लिया नहीं जाता है।

पदयात्रा में शामिल सभी साईं भक्तों की पोशाक एवं

शिर्डी पहुँचने तक का ख़र्च मण्डल द्वारा किया जाता है।

इस बात को मद्देनज़र रखते हुए भरत जी ने बताया, ''हमारी पदयात्रा में सभी जाति के, सभी स्तर के साईं भक्त सम्मिलित होते हैं। कई साईं भक्तों की पदयात्रा करने की मनोकामना होती है; लेकिन पैसों के अभाव में वे पदयात्रा नहीं कर पाते हैं। यह बात मैंने कई साईं भक्तों के साथ चर्चा करते हुए जानी। तब से मैंने तय किया कि पदयात्रा के लिए किसी भी साईं भक्त से पैसे नहीं लेने हैं।

शुरुआती दौर में विषम आर्थिक परिस्थिति का सामना करना पड़ा; मगर बाबा ने सबकुछ सम्भाल लिया। कभी कभार मेरी पत्नी सौ. रंजना ने अपने ज़ेवर भी गिरवी रखे। दरअसल यह एक परीक्षा ही थी। बाबा ने मुझे शक्ति दी, और मैं उस परीक्षा में सफल रहा। आज किसी भी बात की कमी नहीं है।

मैंने कभी भी इतनी ख़ुशगवार ज़िंदगी की कल्पना ख़्वाब में भी नहीं की थी। मगर बाबा ने मेरी खाली झोली भर कर इतने सुहाने दिन दिखाये।

मुरबाड में हमारा फार्म हाऊस है। वहाँ एक आदिवासी गाँव है। वह गाँव बाबा के नाम से दत्तक लेने की मेरी इच्छा है। तद्नुसार काम भी चल रहा है। उस गाँव को गोद

लेकर उसका आर्थिक, शैक्षणिक आदि सम्पूर्ण विकास करने का मेरा लक्ष्य है।

साईं कृपा की अनुभूति का अहसास कई बार हुआ है। सबसे बड़ा अहसास तो यही है कि एक रंक को उन्होंने ने राव बना दिया।

हर वर्ष हमारी पदयात्रा में एक कुत्ता भी सम्मिलित होता है। हमारे साथ चलता है। पदयात्रा जब खण्डोबा मंदिर पहुँचती है, तब वह चला जाता है। कहाँ से आता है, और कहाँ जाता है, इस बात का रहस्य आज तक हम नहीं जान पाये हैं।

पदयात्रा के दौरान रास्ते में धामणगाँव नामक गाँव आता है। वहाँ एक विलक्षण अनुभव हुआ। वहाँ एक होटल के पास पालकी विश्रांति स्थान होने से हम वहाँ पर रुके। हमारे बावर्ची ने २५० पदयात्रियों के लिए पर्याप्त हो उतना ही खाना पकाया था। रात्रि ८ बजे सभी पदयात्री भोजन के लिए क़तार में खड़े हो गये थे। तभी उस होटल के पास तीन लकज़री बसें आईं। उनमें से उतरे सभी यात्री भी क़तार में खड़े हो गये। इस वजह से हमारे कार्यकर्ता चिंतित हो गये। वे मेरे पास आये। मैंने उनसे कहा कि यह साईं की ही लीला होगी। उन सबको भी भोजन करने दो। देखते हैं, क्या होता है? और एक महान आश्चर्य!... पदयात्रियों सहित उन बसों से आये सभी यात्रियों ने भी भरपेट खाना खाने पर भी खाना कम नहीं पड़ा। है ना साईं की यह अद्‌भुत लीला!

पदयात्रा में शामिल होने वाले हर एक साईं भक्त को बाबा की असीम कृपा का अनुभव होता ही है। इस पालकी - पदयात्रा के एक साईं भक्त का भाई दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण कोमा में चला गया। इस बात को लेकर वह साईं भक्त अपने भाई की चिंता में रात भर जागता रहा। दूसरों को भी निद्रा नहीं आई। उसने बाबा से मन्नत माँगी कि मेरा भाई बचना चाहिए। यदि वह ठीक हो गया, तो मैं यहाँ से नंगे पैर चल कर शिर्डी आऊँगा। प्रात:काल काकड़ आरती के दौरान उस भक्त को संदेश मिला कि उसका भाई अब सलामत है, और उसने अपने भाई से बात भी की।

मेरा जीवन तो साईं कृपा के अनुभवों से भरा पड़ा है। मेरा ज़मीन ख़रीद-फ़रोख़्त का व्यवसाय है। मेरी बहिन की सगाई थी। उस वक़्त मेरा हाथ तंग था। तभी ज़मीन ख़रीदने के लिए एक इन्सान आया। पेशगी में उस व्यक्ति ने कुछ रुपये दिये। आश्चर्य तो इस बात का है कि वह अजनबी फिर कभी वापस नहीं आया।

एक बार तो ऐसा समय आया था कि एक क़ानूनी घटना में अगर हम हार जाते, तो हम पति-पत्नी ने आत्महत्या करने का निश्चय किया था। लेकिन बाबा की कृपा से फैसला हमारे पक्ष में सुनाया गया। हमें नया जीवन मिला। सच तो कहा है, 'कौन छुयेगा उसकी परछाई, जिसको बचाने वाला है साईं।'

बाबा ने सभी के साथ प्यार भरा व्यवहार रखने की सीख दी है। पदयात्रा में सिर पर बर्फ़ और ज़बान पर शक्कर रख कर चलना पड़ता है। इसी रीति-नीति के साथ हमारे सभी कार्यकर्ता व्यवहार करते हैं। मैंने मेरी संतानों को भी यही सीख दी है।

आने वाले समय में धामणगाँव में साईं पालकी विश्राम स्थल निर्माण करने की इच्छा है। बाबा की कृपा से उसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मुझे उम्मीद है कि यह कार्य शीघ्र पूर्ण होगा।''

इस 'ओम साईं श्रद्‌धा सेवा मण्डल' का यह ग्यारहवाँ साल है। मण्डल के अध्यक्ष श्री सर्वेश भरत भोईर, उपाध्यक्ष श्री नागेश संसारे, कार्याध्यक्ष श्री सागर म्हात्रे, ख़ज़ाची श्री अरविंद पाटिल, पालकी प्रमुख श्री सूरज म्हात्रे, पालकी सजावटकार श्री श्रीधर भोईर कामकाज की कमान सम्भालते हैं।

श्री सिद्‌धेश भरत भोईर साईं मंदिर के संस्थापक हैं। श्री ज्ञानेश्वर म्हात्रे, श्री सागर पाटिल, श्री गणू भोईर, श्री नौसी चौहाण, श्री संदीप गायकवाड, श्री दिलीप माउली, श्री निलेश भोईर, श्री जितेश भोईर, श्री शंकर जगताप ये कार्यकारी मण्डल के सदस्य हैं।

अनुभव कथन :
भरत माउली भोईर
संचार ध्वनि : (०)९८९२६७२१६७
संकलन-शब्दांकन : **साईं चरण कण**
मराठी से हिंदी अनुवाद : **विनय घासवाला**
संचार ध्वनि : (०)९९९८९९०५६४
सहायक : **राजीव दशपुत्रे**
संचार ध्वनि : (०)९९०४२२२५७२
संशोधन : **मदन गोपाल गोयल**

नित्य प्रतीति से करना अनुभव

१५ अक्तूबर, १९१८ को श्री साईं बाबा की महासमाधि के बाद भक्तों के स्वानुभव...

(साईं भक्त शिवनेसन स्वामी जी की प्रेरणा से साईं भक्त रामलिंगम स्वामी जी द्वारा अंग्रेजी में लिखित 'अैम्ब्रोशिया इन शिर्डी' नामक मूल पुस्तक से –)

(पिछले अंक से क्रमश:)

(५८) बाबा ने बाढ़ से श्री बी. आर. कक्कड के जीवन की रक्षा की, और उनकी ज्येष्ठ पुत्री को आन्त्र ज्वर के पुनः अभिक्रमण से बचाया...

मैं साईं भक्त कैसे बना, यह बात मेरे दृष्टिकोण से मेरे अनुभवों को व्यक्त करने से स्पष्ट होगी। सम्भवतया ऐसे लेखन का फल पाठकों को साईं भक्ति के मार्ग में अग्रसर करने में फलित हो, जिन साईं में मेरा पूर्ण विश्वास है।

मैं अपने बचपन में भगवान् में विश्वास नहीं करता था; परन्तु इस बात पर मेरे पिताजी मुझ पर न कभी नाराज होते थे, और न कभी वे भगवान् के बारे में मेरी इस अजीब सोच के लिए कठोर वाणी का प्रयोग किया करते थे। तथापि, वे अपने साथियों, जो मेरे साथ भी मित्रवत् व्यवहार करते थे, के द्वारा मेरे मन–मस्तिष्क को बदलने में अपनी मेधा का उपयोग किया करते थे। वे वृद्ध व्यक्ति मुझसे उनके वृद्ध होने के कारण उनके लिए कुछ धार्मिक ग्रन्थ पढ़वाया करते थे। इससे परमात्मा के सगुण और निर्गुण होने के बारे में मेरे दृष्टिकोण में परिवर्तन आया। मेरे जीवन की प्रारम्भ की संगमरमर की मूर्तियाँ (जो पहले मेरे लिए मात्र संगमरमर के पत्थर थे) अब मेरे दैनिक जीवन में प्रेरणा का स्रोत बनने लगीं।

१९२७ में, जब मैं सोलह वर्ष का था और स्कूल में पढ़ता था, मैं गुजरात की भयंकर बाढ़ में फँस गया। मैं उस समय मेरे पिताजी के साथ बड़ोदा में था। भारी बाढ़ ने शहर को दो भागों में विभक्त कर दिया। मेरे पिताजी और मैं एक हिस्से में थे और मेरी दादी जी और छोटा भाई दूसरे हिस्से में – दूसरी ओर। हमने उच्च स्तर वाले नदी के पुल को पार करने का प्रयास किया; परन्तु पुलिस ने इस पर आपत्ति की। तथापि, हम पानी में प्रवेश कर गये, और जब पानी गले तक पहुँच गया, हम फँस गये, और वापस भी लौटने के नहीं रहे। जीवन और मृत्यु के इस नाज़ुक मोड़ पर लगभग सात फ़ीट लम्बे कद का दाढ़ी वाला एक आदमी, जिसने सिर पर रुमाल बाँध रखा था, ज़ोर से चिल्लाया, और हमें निर्देश दिया कि हम दोनों वहीं खड़े रहें, जहाँ पर हम थे। वह पानी में होकर आया, और अपने हाथों से हमें पकड़ते हुए गर्जना करती हुई नदी के दूसरे तट पर सुरक्षित निकाल कर ले गया, जहाँ मेरी दादी जी और भाई हमारी व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहे थे। जब मैंने हमें बचाने वाले व्यक्ति के बारे में पूछताछ की तो वह कहीं पर भी दिखाई नहीं दिया। मैं स्तब्ध रह गया, और उसे ढूँढ़ने की कोशिश की; परन्तु सब व्यर्थ। सन् १९२७ में मेरे जीवन में श्री साईं बाबा का यह प्रथम भक्तिपूर्ण दर्शन था।

१९४३ में मेरी ज्येष्ठ पुत्री बियालीस दिन से पुनरावर्तित आन्त्र ज्वर (Relapsed typhoid) से पीड़ित थी। तीन डाक्टरों की समिति ने उसकी बीमारी को प्राणान्तक घोषित कर दिया। उसकी बीमारी के ४१वें दिन उन्होंने मुझे इस केस को भगवान् के भरोसे छोड़ देने के लिए कहा। इस बीच ऐसा घटित हुआ कि चेन्नई से एक दाढ़ी वाला वृद्ध व्यक्ति, जो बड़ोदा के मेरे एक मित्र का परिचित था, हमसे मिलने आया। जब उसने मेरी पुत्री को देखा, तो उसने मुझसे चिन्ता न करने के लिए कहा। जब मैंने यह सुना, तो मुझे आश्चर्य हुआ; क्योंकि उस समय मैं जीवन के नाज़ुक दौर से गुज़र रहा था। परन्तु, उस वृद्ध व्यक्ति ने मुझे इस तरह आश्वस्त किया कि मैं निर्भय हो गया।

उस व्यक्ति के चले जाने के बाद रात्रि में मेरी पुत्री को स्वप्न में श्री साईं बाबा ने दर्शन दिये, और तब से ही वह ठीक होती चली गई। मैंने उस वृद्ध व्यक्ति के बारे में मेरे मित्र से पूछताछ की; परन्तु सब व्यर्थ। मुझे निश्चय है कि उस वृद्ध व्यक्ति की सलाह कुछ और नहीं होकर श्री साईं बाबा के मेरे जीवन में दूसरी बार धर्ममय दर्शन थे।

(५९) बाबा ने माहिम, मुम्बई के श्री गणपतराव कोठारी के विश्वास को परखने और उनकी सहायता करने के लिए स्वयं को गाड़ीवान के रूप में प्रकट किया...

माहिम, मुम्बई के श्री रामकृष्ण गणपतराव कोठारी और उनके पिताजी अक्सर बाबा के समय और उनकी महासमाधि के बाद भी शिर्डी जाया करते थे। वर्ष १९१९ में वर्षा ऋतु में श्री रामकृष्ण कोठारी और उनके पिताजी ने मुम्बई से शिर्डी के लिए प्रस्थान किया और कोपरगाँव रेल्वे स्टेशन पर पहुँच गये। गोदावरी नदी में भारी बाढ़ के कारण नदी के पार जाने के लिए कोई सवारी वाहन उपलब्ध नहीं था। स्टेशन मास्टर ने बाढ़ में उन्हें शिर्डी न जाने के लिए सावचेत किया। यह सुन कर वे साईं नाम का उच्चारण

करते हुए एक जगह बैठ गये। इसी दौरान एक लम्बा, दुबला–पतला सा, 'आल्पी' कोट पहना हुआ और हाथ में एक लाठी लिया हुआ आदमी वहाँ आया, और उसने उनसे कहा, ''तुम लोग शिर्डी जाना क्यों चाहते हो? वहाँ वह पागल आदमी मर चुका है।'' श्री गणपतराव ने उसे ऐसी भाषा नहीं बोलने के लिए कहा, और बताया, ''हम किसी भी तरह शिर्डी जाना चाहते हैं, और बाबा हमारी ज़रूर मदद करेंगे।'' तभी वह लम्बा आदमी अपनी गाड़ी ले आया, और अपनी गाड़ी में उनको शिर्डी ले चला। मार्ग में वह ऐसे शब्द गुनगुनाता रहा – ''माया, मिथ्या, ब्रह्म'' आदि; मानो वह आदमी पागल हो। गाड़ी कोपरगाँव पहुँच गई। बाढ़ के कारण नदी को पार करना असम्भव था। **उस** लम्बे आदमी ने उन्हें एक ब्राह्मण के घर के निकट उतार दिया, और वह उनसे कोई पैसा माँगे बिना ही वहाँ से चला गया।

वह लम्बा आदमी पानी उतर जाने, और तीन बजने के बाद उनके नाव द्वारा नदी के पार उतर जाने तक वापस नहीं लौटा। नदी के पार जाने के बाद वे शिर्डी में रात्रि में विलम्ब से पहुँचे, और दीक्षित वाड़े में ठहर गये।

वाड़े में ठहरने वाले वे वहाँ एकमात्र थे। उन्होंने प्रात: बाबा की समाधि के दर्शन किये, और कोपरगाँव को लौट आये। वे ब्राह्मण के घर गये, और वहाँ उन्होंने लम्बे गाड़ीवान के बारे में पूछताछ की। ब्राह्मण ने उनको बताया कि गाड़ीवान कोपरगाँव का रहने वाला नहीं था, और वह तो यह समझा था कि वह कोठारियों का ही है। हर कोई सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत था कि यह घटना उनके बाबा में विश्वास की परख करने की लीला के अतिरिक्त और कुछ नहीं थी।

(क्रमश:)

अंग्रेजी में संकलित, सम्पादित –
ज्योति रंजन राऊत
८/ए, काकड़ इस्टेट, १०६, सी फेस रोड़,
वरली, मुम्बई – ४०० ०१८.
ई–मेल : **jyotiraut15@gmail.com**
अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद – **मदन गोपाल गोयल**
प्राचार्य (सेवा निवृत्त)
श्री राम अयन, इन्द्रगढ़ – ३२३ ६१३, ज़िला बूंदी, राजस्थान.
ई–मेल : **gopalgoyal1963@gmail.com**
संचार ध्वनि : **(0)९४६०५९४८९०, ७८९१७६३८८४**

In the morning

In the evening

In the night

In the afternoon

Sunday, May 1, 2016

Sri Bajirao Shinde, Member of the 3-Members Managing Committee and Executive Officer of the Sansthan being felicitated by Sri Rajendra Jagtap, chairman and other members of the Sansthan's employees' co-operative credit society on the occasion of workers' day...

Shirdi News

Mohan Yadav
❊ Public Relations Officer ❊
Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi)
- Translated from Marathi into English by
Vishwarath Nayar
E-mail : vishwarathnayar@gmail.com

Shri Ram Navami Festival – 2016

The annual Shri Ram Navami festival was organized by the Shree Sai Baba Sansthan Trust, Shirdi this year from Thursday, April 14 to Saturday, April 16, in an air of piety amidst chants of 'Jai Shri Sai Ram'.

The Ram Navami festival was started in Shirdi in 1911 with the permission of Shri Sai Baba. A complete description of this can be read in the sixth chapter of 'Shri Sai Sat Charita'. Since then this festival is celebrated every year in Shirdi with great enthusiasm…

Well planned arrangements were made to facilitate easy and convenient *Darshan* for the devotees during the festival. Cloth *mandaps* were erected in the temple and surrounding premises to shade from the heat. Security guards, water and electricity facilities were made available in these *mandaps*. Also, to ensure proper shelter facility, cloth *mandaps* with beddings were erected by the Sansthan at various places on the Mumbai-Shirdi route for pilgrims on foot (*padayatris*) accompanying the palanquins. Water and electric supply were provided in the *mandaps*. Mobile medical squad was kept in service on the Sinnar-Shirdi route to ensure instant medical care to the *padayatris*. Free accommodation was arranged in Sai Ashram 2 for the *padayatris* coming to Shirdi for the Shri Ram Navami festival. The Sai *Satyavrat* (Satyanarayan) and *Abhishek Pooja* were suspended for three days during the festival.

Kakad (lighted wicks) *Aarati* was done in the morning on Thursday, April 14, the first day of the festival. After the *Kakad Aarati* at 5 am, the *Shobhayatra* (grand procession) of Shri Sai Baba's Photo, the Shri Sai Sat Charita *Grantha* (holy book) and the veena was taken out from the Shri Sai *Samadhi Mandir* to Dwarkamai. Member of the 3-Members Managing Committee and Executive Officer of the Sansthan Sri Bajirao Shinde with the holy book, the temple chief Sri Rajendra Jagtap and temple employee Sri Laxman Turakane with the Photo of Shri Sai Baba and the Sansthan's priest Sri Vilas Joshi with the veena joined the *Shobhayatra*. After the *Shobhayatra* reached Dwarkamai, the *Akhand* (non-stop) *Parayan* (reading) of the holy *Grantha* 'Shri Sai Sat Charita' commenced. Executive Officer Sri Bajirao Shinde read the first chapter and Sou. Seema Shinde read the second. After that



First day, Thursday, April 14, 2016

Executive Officer Sri Bajirao Shinde along with his wife performed the *Padyapooja* (worship of the Holy Feet) of Shri Sai Baba.

At 12 noon, the *Madhyan* (mid-day) *Aarati* was done. After the *Aarati*, the distribution of *Teertha-prasad* was done.

From 4 pm to 6 pm, melodious *kirtan* programme by *H.B.P.* (*Hari Bhakta Parayan*) Sri Vikram Nandedkar was held.

After the *Dhoop* (incense) *Aarati* at 6.30 pm, being a Thursday, at 9.15 pm after the routine worship of Shri Sai Baba in *Chavdi*, a Procession of Shri Sai Baba's Palanquin was taken out through Shirdi village. After the Procession, *Shej* (bed-time) *Aarati* was done at 10.30 pm.



Main day, Friday, April 15, 2016

Among the programmes of invitee artistes held on the occasion of the festival in the Sainagar ground, Kuchipudi dance programme by Sri Muvva Nritya Niketan (Vijaywada) was held at 7.30 pm and dance programme by the specially challenged children of Sai Shraddha Saburi (Delhi) was held at 9 pm. The audience applauded the performances profusely.

Being the first day of the festival, Dwarkamai was kept open throughout the night for the *Parayan*. The planned arrangements by the Sansthan's administration, keeping the

possible gathering in mind, ensured easy and convenient *Darshan* of Shri Sai Baba for Sai devotees. Taking cognizance of the severe heat, the Sansthan administration provided drinking water at several places in the *Darshan* line and other places.

Free tasty meal was provided to Sai devotees in the Shri Sai Prasadalaya from the donations made by philanthropic Sai devotees - Smt. Anupamaben Satishbhai Patel, Sou. Pushpa Shamlal Sharma (Mumbai) and Sri N. Murali Krishna (Hyderabad) (in memory of his late wife Sou. Namudurai Kanaka Durga).

On April 15, 2016, the main day, Friday, of the festival, after the *Kakad Aarati* at 4.30 am, the *Akhand Parayan* was completed. The *Shobhayatra* with musical instruments of the Photo of Shri Sai Baba, the Shri Sai Sat Charita *Grantha* and the *Veena* was taken out. Chairman of the 3-Members Managing Committee of the Sansthan and Principal District and Sessions Judge (Ahmednagar) Sri Srikant Kulkarni with the holy *Grantha*, Executive Officer Sri Bajirao Shinde and temple chief Sri Rajendra Jagtap with the Photo of Shri Sai Baba and the Sansthan's priest Sri Vilas Joshi with the *Veena* joined the *Shobhayatra*. The *Padyapooja* of Shri Sai Baba was done by Sri Srikant Kulkarni, Chairman of the Sansthan and his wife Sou. Sharmila Kulkarni. Sri Kulkarni and Sri Shinde with their respective wife did the worship of the *'kawadis'* (flag posts) and the sack of wheat in Dwarkamai. H.B.P. Sri Vikram Nandedkar presented *kirtan* on the birth of Shri Ram at 10.30 am.

Before the *Madhyan Aarati*, the ritual worship of the new flags was done by the Rasane and Deshpande (Nimonkar) families and a procession was taken out at 4 pm. After that, at 5 pm the Procession of Shri Sai Baba's Chariot was taken out through the Shirdi village. Sai devotees and villagers participated in this in large numbers. After the procession *Dhoop Aarati* was done at 6.30 pm.

Bhajans and devotional songs by Sou. Madhura Vinay Bele (Nasik) at 7.30 pm and Sai *bhajans* by Noor-e-Sai Parivar (Lucknow) at 9 pm were among the programmes presented by artistes in the Sainagar ground for the festival.

Maharashtra's minister of state for finance, planning and rural development Sri Deepak

Kesarkar, members of parliament Sri Sadashiv Lokhande and Sri Hemant Godse attended the *Kakad Aarati* and Maharashtra's environment minister Sri Ramdas Kadam attended the *Madhyan Aarati*.

Free tasty meal was provided to Sai devotees in the Shri Sai Prasadalaya from the donations made by philanthropic Sai devotees - S. Ajit Kumar (Chennai), Rajababu Garre (Rajmandri), Smt. Madhuri Nair (Mumbai), Shvetanga Shaveta (Hyderabad), V. V. Raghavan (Mumbai), Vrinda Sundaram (Delhi), Sunil Agarwal (Mumbai), S. Purushottam (Bengaluru), Sita Hariharan (America), Vivani Roy Choudhary, Smt. Anita Borkar (Mumbai), Dusmant Kumar Swain (Bhubaneshwar) and Sri N. Murali Krishna (Hyderabad) (in memory of his late wife Sou. Namudurai Kanaka Durga).

The attractive floral decorations in the Shri Sai *Samadhi Mandir* and its premises from the donation made by Smt. Rimple Lohia of Nagpur drew the attention of all Sai devotees; and the main gateway erected with the images of the author of the Shri Sai Sat Charita - late Sri Govind Raghunath Dabholkar alias Hemadpant, Sant Gnyaneshwar Maharaj and Sant Tukaram Maharaj and some copies of the Shri Sai Sat Charita displayed on it and the electric lighting of the temple and its premises became the main attraction of the festival.

Being the main day of the festival the Shri Sai *Samadhi Mandir* was kept open for *Darshan* throughout the night. Artistes presented programmes in front of Shri Sai Baba on that day from 10 pm to the next day till 5 am.

Shri Sai Baba's Holy Bath was done on Saturday, April 16, 2016, the concluding day of the festival. Executive Officer Sri Bajirao Shinde along with his wife did the *Rudrabhishek* at the *Gurusthan* at 6.30 am and the Member of the 3-Members Managing Committee of the Sansthan and District Collector (Ahmednagar) Sri Anil Kavade did the *Padyapooja* of Shri Sai Baba in the Shri Sai *Samadhi Mandir*. Executive Officer of the Sansthan Sri Bajirao Shinde and

Concluding day, Saturday, April 16, 2016

Wrestling competition on the occasion of Shri Ram Navami festival

officials of the Sansthan graced the occasion.

After H.B.P. Sri Vikram Nandedkar's *kala kirtan* (devotional narration in praise of Lord Krishna) and then the *dahi handi* (breaking of the earthen pot with curd) programme, the *Madhyan Aarati* was done at 12 noon.

Free tasty meal was provided to Sai devotees in the Shri Sai Prasadalaya from the donations made by philanthropic Sai devotees - P. Praveenkumar and Swapna (Hyderabad), Nagraju Pampat and Sri N. Murali Krishna (Hyderabad) (in memory of his late wife Sou. Namudurai Kanaka Durga).

Programmes of Saiprem cultural dances by Shri Sai Satsang (Gauhati) at 7.30 pm and Sai *bhajans* by Sai Seva Samiti (Urai) at 9 pm were among the programmes presented by artistes in the Sainagar ground for the festival.

Member of the 3-Members Managing Committee and Executive Officer of the Sansthan, Sri Bajirao Shinde felicitating Sri Shashikant Dalvi, chairman of Shri Dwarkamai Mandal of Mumbai for the grand display at the gateway of Shri Sai *Samadhi Mandir* in Shirdi for the festival of Shri Ram Navami...

About 2 lakh devotees availed the free *prasad* meal at the Shri Sai Prasadalaya and free bundi *prasad* packets were distributed to the nearly 2.5 lakh devotees in the *Darshan* line for the *Darshan* of Shri Sai Baba in the Shri Sai *Samadhi Mandir*, during the three days of the Shri Ram Navami festival.

All the office bearers of Shri Dwarkamai Mandal were felicitated by the Sansthan for providing electric lighting in the Shri Sai *Samadhi Mandir* and its premises and erecting various displays during Shri Sai Baba's *Punyatithi* and Shri Ram Navami festivals since last 39 years.

All administrative officers, departmental heads and employees under the guidance of the Chairman of the 3-Members Managing Committee of the Sansthan and Principal District and Sessions Judge (Ahmednagar) Sri Srikant Kulkarni, Member of the Committee and District Collector (Ahmednagar) Sri Anil Kavade and Committee Member and Executive Officer of the Sansthan Sri Bajirao Shinde took special efforts for the successful conduct of the festival.

Tuesday, March 22, 2016 : Dr. D. Y. Chandrachud, Chief Justice, Allahabad High Court, Uttar Pradesh…

Monday, March 28, 2016 : The procession of Shri Sai Baba's Chariot by the Shri Sai Baba Sansthan through Shirdi village on the occasion of Rangpanchami…

Saturday, April 23, 2016 : Sri Maninderjeet Singh Bitta, Chairman of All India Anti-Terrorism Front…

Thursday, April 28, 2016 : Industrialist Sou. Nita Ambani with her son, flanked by the Member of the 3-Members Managing Committee and Executive Officer of the Sansthan Sri Bajirao Shinde…

Friday, April 29, 2016 : The ministry of non-conventional energy has honoured the solar steam cooking project

installed on the Shri Sai Prasadalaya run by the Shri Sai Baba Sansthan Trust, Shirdi with a national award. Member of the 3-Members Managing Committee and Executive Officer of the Sansthan Sri Bajirao Shinde received the award on behalf of the Sansthan on April 29, 2016 from the Union Minister for non-conventional energy Sri Piyush Goyal in New Delhi. Informing about this, Sri Shinde stated on behalf of the Sansthan that the Sansthan installed the solar steam cooking project on the terrace of the Shri Sai Prasadalaya to save the cost of energy for cooking the *prasad* meal daily for Sai devotees in the Shri Sai Prasadalaya of the Sansthan. Generating about 2800 kg steam everyday, 2 tonnes of rice and dal are boiled everyday for nearly 20,000 Sai devotees through this project. The solar steam cooking project has saved 1 lakh kg LPG (gas) till date and thereby Rs. 60 lakh financial saving for the Sansthan. Overall this project has proved to be a model environment friendly and the largest non-conventional energy project in the country.

The non-conventional energy ministry of the government of India had organized the Concentrated Solar Thermal (CST) Technology Excellence Awards 2016 competition to encourage solar energy sources in the country. The Sansthan forwarded information on the solar steam cooking project on the Shri Sai Prasadalaya for the competition. Sri Tarun Kapoor, secretary – non-conventional energy ministry informed in a written communication to the Sansthan about the announcement of the award to the Sansthan's solar steam cooking project by the non-conventional energy ministry's competition committee after scrutinizing all the entries from all over the country.

Chairman of the 3-Members Managing Committee of the Sansthan and Principal District and Sessions Judge (Ahmednagar) Sri Srikant Kulkarni and the Member of the Committee and District Collector (Ahmednagar) Sri Anil Kavade congratulated the concerned officers and employees for the award to the Sansthan's solar steam cooking project.

❍❍❍

(Contd. from page 7)

edition (Year 4, Issues 11-12) of Shri Sai Leela Magazine, one has read about late Sakharam Hari alias Bapusaheb Jog. Sai Baba has said so many things that it is not possible to record each; yet, the attempt is to present His teachings, whichever we note down, and share with all.

Once, when Baba was resting in His *Masjid* with all devotees, and was in a joyful mood, Bapusaheb Jog said, "Baba, I have served You all these years devotedly. When shall I see or realize that my efforts have been paid off? When shall I get the taste of fruits of my service?"

Sai Baba answered :

When I see you pleading from door-to-door wearing a *kafni* like me, at that time, your fortune will be the brightest, and you will get to taste the fruits of your action. You will be a monk. Both will be happy when this happens.

After few years, Bapusaheb Jog lost his wife. He did not have any children. Shri Sai Baba too had taken *Samadhi*. Hence, he went to Sakori to serve Upasani Maharaj. Later, Bapusaheb Jog became a monk, since he did not any family or belongings. He fell ill, and seeing no chance of recovery, he was given a treatment of a *sanyasi* (mendicant). His funeral rites were performed like that of a monk. He was buried with full respect, and a *samadhi* was built which suited the *ashram* or monastery.

In conclusion, what Sai Baba had spoken about him had turned out to be true. As described in the philosophy of monks, one who is a mendicant is liberated, and is in true sense, a fortunate person. Shri Sai Baba was indeed a monk, and remained detached from the worldly, material life. While serving Sai Baba in Shirdi, Bapusaheb Jog had received the attire of a monk - a *kafni*. Sai Baba Himself had given it. He worn it, and after coming to Sakori, he was living a life of a monk - free of all worldly desires. A person living a life of non-attachment is indeed fortunate.

- Baba's Hemad

- Shri Sai Leela, 5th Year, Issues 9-10

Translated from Marathi by

Meenal Vinayak Dalvi
E-mail : **meenalvd567@yahoo.co.in**
Mobile : **(0)9226945333**

❍❍❍

श्री रामनवमी उत्सव – २०१६ मुख्य दिन (शुक्रवार, दिनांक १५.४.२०१६)

मुख्य दिन 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ (संस्थान की त्रि–सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री श्रीकांत कुलकर्णी), श्री साईं की तस्वीर (संस्थान की त्रि–सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री बाजीराव शिंदे व मंदिर प्रमुख श्री राजेन्द्र जगताप) एवं वीणा (संस्थान पुरोहित श्री विलास जोशी) की शोभायात्रा द्वारकामाई से वापस समाधि मंदिर की ओर; साथ में संस्थान अधिकारी, कर्मचारी, साईं भक्त और ग्रामवासी...

संस्थान की त्रि–सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री श्रीकांत कुलकर्णी व सौ. शर्मिला कुलकर्णी के हाथों कावड़ पूजन...

संस्थान की त्रि–सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री श्रीकांत कुलकर्णी व सौ. शर्मिला कुलकर्णी के हाथों समाधि मंदिर में गेहूँ की गोनी का पूजन...

संस्थान की त्रि–सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री श्रीकांत कुलकर्णी व सौ. शर्मिला कुलकर्णी के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...

RNI Regd. No. MAH/BIL/2000/8048

SHRI SAI LEELA

Date : 15th June 2016

श्री रामनवमी उत्सव – २०१६ समापन दिन (शनिवार, दिनांक १६.४.२०१६)

संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा ज़िलाधिकारी (अहमदनगर) श्री अनिल कवडे के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...

संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री बाजीराव शिंदे व सौ. सीमा शिंदे के हाथों गुरुस्थान में रुद्राभिषेक...

समाधि मंदिर में दही हंडी कार्यक्रम...

श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी) के लिए संस्थान के कार्यकारी अधिकारी द्वारा ओरिएंट प्रेस लि., २० प्रगति इन्डस्ट्रियल इस्टेट, एन्. एम्. जोशी मार्ग, मुम्बई – ४०० ०११ में मुद्रित और साईं निकेतन, ८०४ बी, डा. आम्बेडकर रोड़, दादर, मुम्बई – ४०० ०१४ में प्रकाशित।
सम्पादक : कार्यकारी अधिकारी, श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी)